**नागर विमानन मंत्रालय**
**भारत सरकार**
**राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली**
*****

**<u>इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (इग्रुआ) में निदेशक पद के लिए विज्ञापन</u>**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (इग्रुआ) नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) का एक स्वायत्त निकाय है। यह वाणिज्यिक पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए पूर्णतः आवासीय उड़ान संस्थान है। इसे देश में वाणिज्यिक पायलटों के उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के दृष्टिकोण और अध्ययन में व्यापक सुधार लाने के उद्देश्य से उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है।

2. भारत के राजपत्र में सा.का.नि. 450(अ) दिनांक 18 जुलाई, 2024 में प्रकाशित भर्ती नियमों के अनुसार संलग्न निर्धारित प्रारूप में **सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति** के आधार पर निदेशक (अननुसचिवीय) के पद को भरने के लिए सक्रिय और पेशेवर रूप से योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

3. सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता इस प्रकार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेतनमान | अकादमी के नियमानुसार उड़ान एवं अन्य भत्तों सहित 7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार वेतन स्तर -14 |
| 2. | (i) सीधी भर्ती हेतु अनिवार्य अहर्ताएं | i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग/एयरोस्पेस इंजीनियरिंग/एयरोनॉटिक्स/एविओनिक्स इंजीनियरिंग/एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री के साथ संबंधित क्षेत्र में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव/न्यूनतम दो श्रेणियों (बी1, बी2, बी3 और सी) में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग लाइसेंस, विशेष रुप से भारी विमानों हेतु, सहित संबंधित क्षेत्र में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव।<br>**अथवा**<br>(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक सहित विमान रखरखाव/एयरोस्पेस एवियोनिक्स/एयरोनॉटिक्स/एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग में 2 वर्षीय मास्टर्स/स्नातकोत्तर डिप्लोमा।<br>**अथवा**<br>(iii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक तथा भारतीय वायुसेना/सशस्त्र बलों के विमानन विंग/केन्द्रीय पुलिस बलों/सुरक्षा एजेंसियों/एयरलाइनों में उड़ान प्रचालन में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव।<br>**अथवा**<br>(iv) वर्तमान एयरलाइंस ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) धारक सहित संबंधित क्षेत्र में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव। |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) सीधी भर्ती हेतु वांछनीय | (i) विमानन क्षेत्र में विशेषत: उच्चतर एवं प्रासंगिक योग्यता को वरीयता दी जाएगी।<br><br>(ii) कम से कम 02 वर्षों का विमान पर अनुदेशनात्मक अनुभव।<br><br>(iii) प्रशिक्षण संस्थान चलाने का कम से कम 03 वर्ष का प्रशासनिक या प्रबंधकीय अनुभव। |
| 3. | प्रतिनियुक्ति हेतु पात्रता | (i) भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन और उससे ऊपर के पद पर तैनात अधिकारी; या<br><br>(ii) केंद्रीय सरकार/राज्य सरकारों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त या सांविधिक संगठनों के अधिकारी:<br><br>(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद पर कार्यरत हो; या<br><br>(ii) 7वें सीपीसी मैट्रिक्स या समकक्ष में 13ए के वेतन स्तर वाले पदों पर 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो, या 13 के वेतन स्तर वाले पदों पर 05 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो; और<br><br>(ख) जिन्हें क्रम सं. 2 के तहत दर्शाई गई शैक्षणिक अर्हता और अनुभव प्राप्त हो।<br><br>प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए ऊपरी आयु सीमा (अल्पकालिक संविदा सहित), आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख तक 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 4. | सीधी भर्ती हेतु आयु सीमा | आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख को आयु 45 से 57 वर्ष के बीच होनी चाहिए |
| 5. | कार्यकाल | इस प्रकार नियुक्त किया गया निदेशक प्रारंभ में पद का कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 03 वर्ष की अवधि के लिए पद पर रहेगा, जिसे 05 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। |
| 6. | नियम और शर्तें | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (इग्रुआ) के नियमों और विनियमों के अनुसार नियम और सेवा शर्तों द्वारा शासित |
| 7. | निरहर्ता | ऐसा कोई व्यक्ति, -<br><br>क. जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसका जीवनसाथी जीवित है; अथवा<br><br>ख. जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया हो।<br><br>बशर्ते कि केंद्र सरकार, यदि संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू व्यक्तिगत कानून के तहत स्वीकार्य है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो किसी भी व्यक्ति को इस नियम के लागू होने से छूट दे सकती है। |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | सामान्य शर्तें | (i) नागर विमानन मंत्रालय के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी समय विज्ञापन वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है।<br><br>(ii) उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने के समय संबंधित मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।<br><br>(iii) चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में, अंतिम निर्णय नागर विमानन मंत्रालय का होगा। |

4. जो व्यक्ति उपर्युक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने के इच्छुक हैं, वे अपने आवेदन संबंधित दस्तावेजों के साथ **"अवर सचिव, एसडी एण्ड आईटी प्रभाग, नागर विमानन मंत्रालय, 'बी' ब्लॉक, पहली मंजिल, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003"** (टेलीफोन नं. 011 24640214), को भेज सकते हैं, जो उनके कार्यालय में इसके साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में **10 सितंबर 2024 को 17:30 बजे तक** पहुंच जाना चाहिए।

5. केंद्र/राज्य सरकार या सीपीएसयू या वैधानिक निकायों के तहत काम करने वाले उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए और उस स्थिति में उनके आवेदन (अनुलग्नक 1) के साथ सहायक दस्तावेज और नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषितकर्ता प्राधिकारी की ओर से प्रमाण पत्र (अनुलग्नक 2) अंतिम तारीख तक उपर्युक्त पते पर पहुंच जाने चाहिए।

6. जो आवेदक सरकारी/स्वायत्त निकायों आदि की सेवा में नहीं हैं, वे अनुलग्नक 2 में सूचीबद्ध अपने संगठनों पर लागू समकक्ष दस्तावेज़/प्रमाणपत्र प्रदान कर सकते हैं।

7. उम्मीदवारों से ऊपर उल्लिखित दस्तावेजों के बिना या निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त नहीं होने वाले या अधूरी जानकारी वाले या नियत तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार के संप्रेषण पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह0/-
**(कुमार सौरभ राज)**
उप सचिव

**अनुलग्नक 1**

## निदेशक, इग्रुआ के पद हेतु आवेदन

के लिए आवेदन **(**एक को चिन्हित करें**):** ☐ सीधी भर्ती

☐ प्रतिनियुक्ति

| स्व-सत्यापित पासपोर्ट आकार की नवीनतम फोटोग्राफ |
|---|

क. व्यक्तिगत सूचना (दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें)

| | |
|---|---|
| आवेदक का नाम | |
| पिता का नाम | |
| जन्म की तारीख | |
| आवेदन की अंतिम तारीख को आयु | |
| पत्राचार का पता | |
| स्थायी पता | |
| एसटीडी कोड के साथ टेलीफोन/मोबाइल नं. | |
| ईमेल | |

ख. शैक्षणिक अर्हता (आवश्यक हो तो पंक्तियां जोड़ें) (दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें)

| अर्हता | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्त अंकों का % | संस्थान का नाम और पता | संकाय/विषय/विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

ग. कार्य अनुभव (दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें)

| अर्हता | संस्थान/संगठन का नाम और पता | कार्य की वैधता/अवधि | विवरण |
|---|---|---|---|
| वर्तमान एयरलाइन ट्रान्सपोर्ट पायलट लाइसेंस का धारक | | | |
| एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग/एयरोस्पेस इंजीनियरिंग/एयरोनॉटिक्स/एविओनिक्स इंजीनियरिंग/एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग में अनुभव | | | |
| न्यूनतम दो श्रेणियों (बी1, बी2, बी3 और सी) में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग लाइसेंस, विशेष रुप से भारी विमानों हेतु का अनुभव | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारतीय वायुसेना/सशस्त्र बलों के विमानन विंग/केन्द्रीय पुलिस बलों/सुरक्षा एजेंसियों/एयरलाइनों में उड़ान प्रचालन में अनुभव। | | | |
| प्रशिक्षण संस्थान चलाने का प्रशासनिक या प्रबंधकीय अनुभव। | | | |
| विमान पर अनुदेशनात्मक अनुभव। | | | |

घ. अतिरिक्त अनुभव, विपरीत कालानुक्रम में (दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें)

| **कार्यालय/संस्थान/संगठन** | **धारित पद** | **अवधि (से-तक)** | **वेतनमान/वेतन लेवल** | **नियमित/तदर्थ/प्रतिनियुक्ति** | **निष्पादित कार्यों का स्वरूप** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

ङ. अन्य सूचना (अलग शीट संलग्न करें)

i. आप इग्रुआ में क्यों कार्य ग्रहण करना चाहते हैं?

ii. आप ऐसा क्यों सोचते हैं कि आप इस कार्य के लिए उपयुक्त हैं और इग्रुआ के लिए अच्छा कार्य करेंगे?

iii. आपके पेशेवर जीवन में अन्य कोई महत्वपूर्ण परिभाषित अनुभव या उपलब्धि?

च. उद्घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गई जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। यदि कोई जानकारी जानबूझकर छुपाई गई या गलत पाई जाती है, तो मेरा आवेदन/उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर तुरंत खारिज कर दी जाएगी, और यदि मैं पहले से ही नियुक्त हूं, तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी और मेरे खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

दिनांक:

स्थान:

**<u>अनुलग्नक 2</u>**

**(नियोक्ता/ अग्रेषितकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाला प्रमाणपत्र)**

यह प्रमाणित किया जाता है कि <u>निदेशक, इग्नुआ</u> के पद पर विचार हेतु आवेदन में श्री/श्रीमती/सुश्री___________________________ द्वारा प्रस्तुत किया गया विवरण सही है और उन्हें विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव प्राप्त है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

1. श्री/श्रीमती/सुश्री___________________________ के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

2. उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

3. उनकी एसीआर/एपीएआर डोजियर में पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की फोटोप्रति, जिसे भारत सरकार के अवर सचिव स्तर या उससे ऊपर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित किया गया है, संलग्न हैं।

4. पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगायी गयी है।

5. पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर लगायी गयी बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है।